## संपादकीय

# प्रत्यारोप जवाब नहीं होते

राहुल गांधी और महुआ मोइत्रा ने कुछ ठोस सवाल पूछे हैं। बेहतर नजरिया यह होता कि इन प्रश्नों के ठोस जवाब देश के सामने प्रस्तुत किए जाते। लेकिन- जैसाकि सत्ताधारी दल और उसके समर्थक इकॉ-सिस्टम का तरीका रहा है- उन्होंने जवाबी आरोपों की झड़ी लगा दी है।

देश-दुनिया में बहुत सी बातें अनुभवजन्य होती हैं। उनके कोई लिखित सबूत नहीं होते, लेकिन इनसान उसमें इसलिए भरोसा करता है, क्योंकि उसके पास ऐसा करने के कारण होते हैं। इसी तरह कई मामलों में साक्ष्य ठोस नहीं, बल्कि परिस्थितिजन्य होते हैं। ऐसे सबूतों को तो न्यायिक निर्णयों में भी अहमियत दी जाती है। राहुल गांधी ने लोकसभा में दिए अपने भाषण में गौतम अडानी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिश्तों और अडानी साम्राज्य खड़ा होने के पीछे उसके हाथ की जो लंबी चर्चा की, वह अनुभवजन्य और परिस्थितिजन्य चर्चाओं के आधार पर ही की। उन्होंने जो कहा, उसमें कोई नई बात नहीं है। बल्कि न सिर्फ आम चर्चाओं, बल्कि देशी-विदेशी मीडिया में भी उनकी बात होती रही है। अब जबकि अडानी घराने के ऊपर हिंडनबर्ग रिपोर्ट से कई गंभीर आरोप सामने आए हैं और देश की विनियामक संस्थाओं पर गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं, तो जाहिर है, उन चर्चाओं ने भी गंभीर रूप ले लिया है। राहुल गांधी या महुआ मोइत्रा ने इन्हें ही सिलसिलेवार ढंग से सदन में रखा है।

दोनों ने प्रधानमंत्री और सरकार कुछ ठोस सवाल पूछे हैं। बेहतर नजरिया यह होता कि इन प्रश्नों के ठोस जवाब देश के सामने प्रस्तुत किए जाते। लेकिन- जैसाकि सत्ताधारी दल और उसके समर्थक इकॉ-सिस्टम का तरीका गुजरे वर्षों में रहा है- उन्होंने जवाबी आरोपों की बौछार लगा दी है। महुआ मोइत्रा ने सदन में कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें एक अमेरिकी बैंक, चीन और यहां तक कि अंबानी का एजेंट बताया जा रहा है। राहुल गांधी का भाषण भी खत्म होते ही उन पर जवाबी हमलों की झड़ी लगा दी गई। लेकिन सरकार और सत्ता पक्ष को यह समझना चाहिए कि विपक्ष की छवि नष्ट करने से वे सवाल गायब नहीं होंगे, जो उसकी तरफ से उठाए गए हैं। इससे सत्ता पक्ष अपने समर्थक जमात को टॉकिंग प्वाइंट्स मुहैया करा सकता है और अपने संभावित चुनावी नुकसान को सीमित कर सकता है, लेकिन ऐसे तरीकों से हिंडनबर्ग रिपोर्ट से भारतीय कारोबार जगत को लेकर दुनिया भर में जो संदेह पैदा हुआ है, उस साये को छांटना संभव नहीं होगा।

# यूपी में करेंगे 75 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश : मुकेश अंबानी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी के सपने को पंख लगाते हुये रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने ऐलान किया कि उनका समूह अगले चार सालों में देश के तीसरे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेगा जिससे एक लाख से अधिक रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुये अंबानी ने कहा कि दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार भारत के नये ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश में रिलायंस ने अगले चार साल में उत्तर प्रदेश में खुदरा और नवीकरणीय व्यवसायों में अतिरिक्त 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है, जिससे एक लाख से अधिक अतिरिक्त रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।


उन्होने कहा कि 2018 तक रिलायंस उत्तर प्रदेश में 50 हजार करोड़ रूपये का निवेश कर चुकी है। अगले चार सालों में समूह की 75 हजार करोड़ रूपये के अतिरिक्त निवेश की योजना है जिससे निवेश के लिये अनुकूल परिस्थितियों वाले इस राज्य में समूह का कुल निवेश सवा लाख करोड़ रूपये से ज्यादा का हो जाएगा। अंबानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को एक नयी पहचान दी है और अगले पांच साल के भीतर ही उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन सकता है।

उन्होने कहा कि रिलायंस समूह उत्तर प्रदेश में 10 गीगावॉट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को स्थापित करेगा। यह उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। इसके अलावा उनका समूह जैविक गैस ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रदेश में निवेश करेगा जिससे पर्यावरण में सुधार आने के साथ किसानों को भी सीधे तौर पर फायद होगा। उन्होने कहा हमारे किसान अन्नदाता तो हैं ही, अब ऊर्जा दाता भी बनेंगे।

अंबानी ने कहा कि इस साल दिसंबर तक उत्तर प्रदेश के सभी जिलों कस्बो में जिओ की 5 जी सेवा का विस्तार कर लिया जायेगा। उन्होने गांवों और छोटे शहरों में किफायती शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के लिए जियो प्लेटफॉर्म्स के जरिये दो पायलट प्रोजेक्ट्स की भी घोषणा की।

उन्होने कहा जैसे आज पूरी दुनिया के लिए भारत आशा का केंद्र बन गया है वैसे ही आज नए भारत के लिए यूपी आशा का केंद्र बन गया है। नोएडा से गोरखपुर तक लोगों में जोश दिख रहा है। विकास की गंगा बह रही है। उत्तर प्रदेश ने कानून व्यवस्था की सेहत सुधारने के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर और ईज ऑफ डूइंग में काफी प्रगति की है जिसकी बदौलत आज यह प्रदेश निवेश के लिहाज से पहली पसंद बन चुका है।

# अडानी ग्रुप को राहत, कंपनियों से हटा एनएसई का सख्त पहरा




**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद छाया संकट कब छंटेगा, इसका अंदाजा तो साफ-साफ नहीं लगाया जा सकता, लेकिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने ग्रुप को बड़ी राहत दी है। एनएसई ने ग्रुप की दो कंपनियों को अपने 'सर्विलांस फ्रेमवर्क' (सख्त निगरानी व्यवस्था) से बाहर कर दिया है।

एनएसई ने समूह की कंपनियों के शेयर्स में काफी उतार-चढ़ाव को देखते हुए कुछ को सख्त निगरानी व्यवस्था के तहत रखने का फैसला किया था। इसमें ग्रुप की 3 कंपनियां शामिल थीं।

एनएसई ने अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन और अंबुजा सीमेंट को अब अपने सर्विलांस फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया है। हालांकि अडानी एंटरप्राइजेज को अभी इससे राहत नहीं मिली है।

जब किसी कंपनी के शेयर में भारी उतार-चढ़ाव की स्थिति आती है, तब एनएसई इस फ्रेमवर्क का इस्तेमाल करती है, ताकि आम निवेशकों को इस भारी उतार-चढ़ाव की वजह से नुकसान ना उठाना पड़े। एनएसई के इस कदम से उस कंपनी के शेयर्स में अस्थिरता को रोकने में मदद मिलती है। हालांकि इससे कई बार कंपनियों के शेयर्स के ट्रांजैक्शन पर भी असर पड़ता है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर घटकर 575.3 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में भारी कमी आने से 03 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.5 अरब डॉलर घटकर 575.3 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 3.03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 576.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 03 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.32 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 507.7 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 24.6 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह गिरकर 43.8 अरब डॉलर रह गया।

वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 6.6 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढक़र 18.54 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.25 अरब डॉलर हो गई।

# दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 4.3 फीसदी



**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आधार पर भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दिसंबर 2022 में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत रही।

इससे पिछले महीने औद्योगिक उत्पादन वृद्धि प्रतिशत थी।

चालू वित्त वर्ष के पहले 09 महीने, अप्रैल दिसंबर 2022- 23 के दौरान औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.4 फीसदी रही।

शुक्रवार को जारी त्वरित सरकारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2022 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आधार वर्ष ) 2011-12 , 144.7 अंक रहा। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार दिसंबर में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही जबकि खनन क्षेत्र का उत्पादन एक साल पहले की इसी माह की तुलना में 9.8 प्रतिशत ऊंचा रहा । इस दौरान बिजली के उत्पादन में 10.4 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर में पूंजीगत सामान उद्योग की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत तथा प्राथमिक वस्तु उद्योग की वृद्धि 8.3 फीसदी रही। माध्यमिक वस्तुओं के उत्पादन में 0.3 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।

गैर टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत ऊंचा रहा जबकि टिकाऊ उपभोक्ता उद्योग की वृद्धि दिसंबर में 10.4 फीसदी रही।

नाइट फ्रैंक इंडिया के निदेशक अनुसंधान विवेक राठी ने कहा कि नवंबर की तुलना में दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों के धीमा पडऩे के कारण है। श्री राठी ने कहा कि दिसंबर में निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर वस्तु क्षेत्र के उत्पादन में वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही है। उन्होंने निर्माण सामग्री की कीमतों में वृद्धि के बीच क्षेत्र के प्रदर्शन को उल्लेखनीय बताया है और कहा है कि बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाए जाने से आर्थिक वृद्धि, उपभोग वह मांग में और तेजी आएगी तथा इससे उद्योग में मजबूती आने की आगे संभावनाएं हैं।

# भारतीय महिला टीम की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर, पहला मुकाबला पाकिस्तान से

**केपटाउन।** लंबे समय से आईसीसी खिताब को तरस रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के पहले मुकाबले में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा इस बार इंतजार को खत्म करने का होगा।

भारत और पाकिस्तान का मुकाबला वैसे भी रोमांचक होता है लेकिन भारतीय टीम का पलड़ा भारी होने से यह शायद अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सके।

पाकिस्तान ने हालांकि भारत को पिछले साल एशिया कप में हराया था जब भारतीय टीम ने जरूरत से ज्यादा प्रयोग किये थे।

पिछले पांच साल में दोनों टीमों के बीच जमीन आसमान का अंतर देखने को मिला है। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के दबदबे को लगातार चुनौती दे रही है जबकि पाकिस्तानी महिला टीम कुछ खास नहीं कर सकी।

पहली महिला प्रीमियर लीग की नीलामी से एक दिन पहले होने वाले इस मैच में भारतीय खिलाडिय़ों के लिये अतिरिक्त प्रेरणा रहेगी लेकिन कुछ का फोकस हट भी सकता है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की फिटनेस को लेकर भी संदेह है जो क्रमश: कंधे और ऊंगली की चोट से जूझ रही हैं। उनके खेलने के बारे में फैसला शनिवार को अभ्यास सत्र के बाद लिया जायेगा।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , दोनों सीनियर खिलाड़ी हैं और टीम के लिये काफी महत्वपूर्ण है। अगर उनकी फिटनेस को लेकर तनिक भी संदेह हुआ तो हम जोखिम नहीं लेंगे क्योंकि यह पहला ही मैच है।




भारत को हाल ही में दक्षिण अफ्रीका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में हराया है। इसके अलावा अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया से हारे लेकिन बांग्लादेश को हराया।

भारतीय टीम के सेमीफाइनल तक पहुंचने की प्रबल संभावना लग रही है लेकिन आस्ट्रेलिया को हराने के लिये उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# जोनाथन बेट्टी महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जोनाथन बेट्टी को शनिवार को पहली महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच चुना गया।

48 वर्ष के बेट्टी की सहयोगी पूर्व क्रिकेटर हेमलता काला और लीसा नाइटले होंगी।

सर्रे और ग्लूस्टरशर के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज बेट्टी ओवल इंविंसिबल्स महिला टीम के कोच रह चुके हैं जिसने 2021 और 2022 में द हंड्रेड खिताब जीता था।


वह महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स और सर्रे महिला टीम के भी कोच रहे हैं।

उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा , दिल्ली कैपिटल्स से बतौर मुख्य कोच जुडक़र काफी रोमांचित हूं । महिला क्रिकेट से जुडऩे का यह शानदार समय है और महिला प्रीमियर लीग दुनिया में महिलाओं के पेशेवर खेल का स्वरूप बदल सकती है। भारत के लिये सात टेस्ट और 78 वनडे खेल चुकी काला राष्ट्रीय चयन समिति की प्रमुख भी रही हैं। उनके कार्यकाल में ही भारत 2017 विश्व कप फाइनल में पहुंचा था।

आस्ट्रेलिया के लिये नौ टेस्ट और 82 वनडे खेल चुकी नाइटले इंग्लैंड महिला टीम की कोच रह चुकी है। वह पर्थ स्क्रोचर्स और सिडनी थंडर्स की भी मुख्य कोच रही हैं।

बीजू जॉर्ज टीम के फील्डिंग कोच होंगे जो दिल्ली कैपिटल्स पुरूष टीम के साथ भी जुड़े हैं। पहली महिला प्रीमियर लीग चार से 26 मार्च के बीच खेली जायेगी।

# लक्ष्मी मांचू की टीच फॉर चेंज के लिए रैंप वॉक करेंगी रकुल प्रीत, जैकी



टॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और फिल्म निर्माता जैकी भगनानी अभिनेता-निर्माता लक्ष्मी मांचू के एनजीओ, टीच फॉर चेंज के लिए एक फैशन शो-कम-फंडरेजर का नेतृत्व करेंगे, जो वंचित समुदायों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है। वार्षिक शो 19 फरवरी को हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। इसमें बॉलीवुड और दक्षिण के फिल्मी सितारों के साथ-साथ खिलाडिय़ों कोजबूत लाइनअप होने का वादा किया गया है। शो से जुटाई गई राशि का उपयोग पूरे वर्ष टीच फॉर चेंज के अभियानों के लिए किया जाएगा।

सितारे डिजाइनर वरुण चक्कीलम के परिधानों में रैंप पर उतरेंगे, यह संग्रह विशेष रूप से शो के लिए डिजाइन किया गया है। लक्ष्मी मांचू और चैतन्य एसआरएसके द्वारा 2014 में शुरू किए गए टीच फॉर चेंज ने विभिन्न विजयी मॉड्यूल तैयार किए हैं, जिनमें प्रमुख स्वयंसेवी कार्यक्रम से लेकर सरकारी स्कूलों में आईसीटी इंफ्रास्ट्रक्च र और स्मार्ट क्लासरूम बनाने तक शामिल है।

संगठन ने अब तक 432 सरकारी स्कूलों के साथ काम किया है, जिससे तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में 42,608 छात्रों के जीवन में बदलाव आया है। इस अवसर पर बोलते हुए, लक्ष्मी मांचू ने कहा: यह फंडरेजर एक ऐसा मंच है जो उनकी बुनियादी शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकता है और उनके कारण का समर्थन करने की इच्छा रखता है।

# पद्मश्री से सम्मानित रवीना टंडन आरण्यक के बाद नए ओटीटी शो की शोभा बढ़ाएंगी



अपने स्ट्रीमिंग शो आरण्यक को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन, जिन्होंने 1990 के दशक में बॉलीवुड में राज किया था और जिन्हें हाल ही में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, एक और ओटीटी शो में अभिनय करने के लिए तैयार हैं।

निर्माता शो के शीर्षक और कहानी को फिलहाल गुप्त रखे हुए हैं। अपना उत्साह साझा करते हुए रवीना टंडन ने कहा, मैं इस शो का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह शो मेरे लिए बहुत खास होने वाला है क्योंकि मुझे हमेशा अपने द्वारा निभाए गए हर किरदार के साथ खुद को चुनौती देना और नए सिरे से गढऩा पसंद है और इस शो ने मुझे बस इतना ही दिया है, मैं बस इतना ही कह सकती हूं कि कुछ मजे के लिए हमारे साथ बने रहें!

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपको राजकीय कार्यों में उच्च वर्गीय मित्रों से सहयोग मिलेगा। घर, शौक, पसन्दीदा गतिविधियों के लिए समय मिलेगा, जोखिम लेने का मूड भी होगा। आप खुद को अकेला महसूस नहीं करेंगे। अच्छे मित्रों के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी।

***वृष :*** आज आप बच्चों और प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों, पालतू जानवरों , बच्चों, बुजुर्गों और सामुदायिक गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से कार्यक्रमों में फेरबदल की सम्भावना है।

***मिथुन :*** आज आपका घर में मांगलिक कार्य की रूप रेखा बनाते हुए मन प्रसन्न रहेगा। प्रियजनों और बच्चों के अलावा आप आन्तरिक सज्जा तथा लेखन जैसी कला और घर की देखभाल जैसे क्षेत्रों में भी संवेदनशील होंगे।

***कर्क :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। सामाजिक दायरा बढेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। रोजमर्रा के जीवन की रफ्तार भले ही कितनी भी अधिक क्यों न हो, मगर अपने स्तर पर शान्त बने रहेंगे। नए कार्यों के लिए आगे शुभ समय का योगदान आपको मिलेगा।

***सिंह :*** आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। आपका अपने ही सहकर्मियों से अप्रत्यक्ष विरोध, प्राइवेट नौकरी से जुड़े व्यक्तियों पर कार्यभार की अधिकता रहेगी। किसी राजनीतिक व्यक्ति से मुलाकात होगी।

***कन्या :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आध्यात्मिक रूचियां, आस्था, धार्मिक रूझान का प्रतीक है और इस समय यही सब महत्वपूर्ण भी रहेगा। व्यवसाय, कैरियर, कार्य में ठोस सफलता मिल सकती है, आर्थिक स्थिति भी सहज रहेगी।

***तुला :*** आज आप सिर्फ काम में व्यस्त रहें, मौज मस्ती न करें, ऐसा ठीक नहीं है। मनोरंजन सामाजिक स्तर पर मिलना जुलना, पार्टी, खाना—पीना आपको व्यस्त रखेगा। सम्पर्क संचार और कम्प्यूटर महत्वपूर्ण रहेंगे।

***वृश्चिक :*** आज आपका मौजूदा नजरिया फिलहाल कायम रहेगा। छोटे-मोटे विवाद, काम का दबाव, समस्याएं सिर उठाएंगी, लेकिन आप इन्हें पीछे छोड़ देंगे। सौभाग्यवश इस समय वित्त सम्बन्धी कोई परेशानी नहीं होगी।

***धनु :*** आज व्यापार नौकरी के क्षेत्र में चल रहे प्रयास तो सफल होंगे ही, वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से कार्य क्षेत्र का विस्तार भी होगा। आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा और आप अपनी पहचान के लिहाज से खुद को साबित भी करेंगे।

***मकर :*** आज व्यक्तिगत तौर से आप राह की अड़चनों को दूर करने की जरूरत समझेंगे। घरेलू एवं पारिवारिक जरूरतों को पूरा करने सम्बन्धी सरोकार महत्वपूर्ण होंगे, पूर्व निर्धारित कार्यों में परिश्रम से सफलता मिलेगी।

***कुंभ :*** आज आविष्कारी तकनीकों, नई और साहसपूर्ण विधियों का लाभ मिलेगा। आप एक साथ कई गतिविधियों पर ध्यान देंगे। लापरवाही के कारण निराशा और दूसरी परेशानियां उठ सकती हैं।

***मीन :*** आज किसी मित्र के सहयोग से व्यापार में लाभ की संभावना है। नौकरी-पेशा लोग उच्चाधिकारियों की उपेक्षा का शिकार हो सकते हैं। शेयर-बाजार एवं सट्टे से जुड़े व्यक्तियों की स्थिति सामान्य गुजरेगी। किसी बड़े महत्वपूर्ण कार्य की शुरूआत न करें।

# जगह शाम के नाश्ते बनाएं ब्रेड पकौड़ा चाट



ब्रेड पकोड़ा एक ऐसा स्नैक है जिसके लिए भारतीय कभी ना नहीं कह पाते। ऊपस से कुरकुरा और अंदर से स्टफ किआ हुआ यह स्नैक चाय के साथ काफी स्वादिष्ट लगता है। लेकिन अगर इसका चाट बना दिया जाए तो यह और भी मजेदार हो जाता है। जानें ब्रेड पकोड़ा चाट की रेसिपी-

**सामग्री :**

-4 ब्रेड स्लाइस, 3 से 4 छोटे उबले आलू, 2 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), स्वादानुसार नमक, स्वादानुसार काला नमकश, 1/2 छोटा चम्मच गरम मसाला, 1 कप बेसन, 1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 बड़ा चम्मच पुदीने की चटनी, 1 बड़ा चम्मच इमली की चटनी, 1 टी स्पून सेव, 1 टेबल स्पून फैंटा हुआ दही, 1/2 छोटा चम्मच अनार के दाने, तेल डीप फ्राई करने के लिए

**विधि :**

1. आलू की स्टफिंग बनाने के लिए एक बाउल में उबले हुए आलू, हरी मिर्च, नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला डालें।
2. आलू को अच्छे से मैश कर लें।
3. अब ब्रेड के दो स्लाइस में आलू की फिलिंग भरें।
4. बैटर के लिए एक बाउल में बेसन, नमक और पानी डालें। सब कुछ मिला लें। सुनिश्चित करें कि बैटर गाढ़ा हो।
5. अब स्टफ्ड ब्रेड स्लाइस को बैटर में डुबोकर सुनहरा होने तक डीप फ्राई करें।
6. तले हुए ब्रेड पकोड़े को 4 बराबर भागों में काट लें। एक प्लेट में रखें और दही के साथ दोनों चटनी डालें।
7. इसके ऊपर सेव, अनार के दाने, धनिया पत्ती और चाट मसाला छिड़कें।
8. बचे हुए ब्रेड पकौड़े के साथ भी यही प्रक्रिया दोहराएं।
9. इसे गरमा गरम परोसें और आनंद लें।


# शब्द सामर्थ्य- 339

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# सू-दोकू- 339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |